## संक्षिप्त

### मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक कॉलेज ऑफ़ टीचर्स एज्युकेशन में आज मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्रों में मतदान को बढावा देने हेतु डेमो द्वारा सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया का आयोजन किया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.कपिलेश तिवारी ने कहा कि विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश होने के बाद भी हमारा मतदान प्रतिशत बहुत कम हैअत:निर्वाचन विभाग उदयपुर द्वारा मत के महत्व को समझाने एवं आम लोगो में जन जागरण हेतु विभिन्न कार्यक्रमो के द्वारा इसे बढाने पर जोर दिया है। इसी के तहत आज पेसिफिक कॉलेज ऑफ़ टीचर्स एज्युकेशन द्वारा विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों मे ''आओ मिलकर अलख जगाये शत प्रतिशत मतदान करायें''कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया जिसके तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगाविशिष्ट अतिथि डॉ.हेमंत पंडया प्राचार्य , शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ.शीला सालवी, दिलीप सिंह चौहान,अंजली राव सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### भुगतान दिलाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान आशा सहयोगीनी एवं साथिन यूनियन ने आतिरिक्त जिला कलेक्टर डूंगरपुर को जिलाध्यक्ष लीलावंति अहारी के नेतृत्व में डूंगरपुर जिले भर में आशा सहयोगियों का बकाया मानदेय भुगतान करवाने,1० प्रतिशत मानदेय वृद्धि मानदेय के साथ ही दिलाने और टीकाकरण करने के लिए वेक्सीन कैरियर को सेंटर से लाने ले जाने कि राशि का अतिशीघ्र भुगतान दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। राजस्थान आशा सहयोगिनी एवं साथिन यूनियन जिला कमेटी सह संयोजक इंदिरा अहारी ने ज्ञापन में बताया कि जिले में 22०० आशा सहयोगिनी चिकित्सा विभाग में अलग अलग ब्लॉको में कार्यरत है। यूनियन आशा सहयोगिनियों की मांगो को लेकर हमेशा लगातार लडाई लडती है। कई बार ज्ञापन, प्रदर्शन किये गए, लेकिन आशा को समय पर मानदेय नहीं दिया जा रहा है। आशा अल्प मानदेय पर विभाग के 55 प्रकार के विभिन्न योजनाओं का काम करवाये जाते है। प्रत्येक माह के 5 तारीख तक मानदेय भुगतान करने का होता है फिर भी कभी समय पर भुगतान नहीं होता है। मानदेय समय पर नहीं मिलने से आशाओ को कई दिक्कतों का सामना करना पडता है।

### वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

उदयपुर, (कासं)। महाराणा मेवाड चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड ने वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन किया।आगामी वर्ष के प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर के मुख्य पृष्ठ पर मेवाड के आराध्यदेव परमेश्वराजी महाराज श्री एकलिंगनाथ जी, प्रभु श्रीराम का दरबार, मेवाड के मूल नरेश बाप्पा रावल, महर्षि हारीत राशि के साथ ही उदयपुर संस्थापक श्री एकलिंग दीवान महाराणा उदय सिंह और उनके वंशजों के चित्रों को स्थान दिया है।

### उदयपुर में निजी ट्यूबवेल ज़ब्त

उदयपुर, (कासं)। पेयजल संसाधनों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने की दिशा में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने बुधवार को शहर में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए निजी ट्यूबवेल जब्त की। शहर में कतिपय लोगों की ओर से अवैध रूप से पेयजल सप्लाई करने की शिकायतें मिलने पर एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा तथा पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर पीएचईडी अधिशासी अभियंता अखिलेश शर्मा, शहर उपखंड सप्तम की सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने पहाड़ा बोहरा गणेशजी क्षेत्र में पड़ताल की। इस दौरान सामने आया कि बाबूलाल नामक व्यक्ति अपने निजी ट्यूबवेल से अवैध रूप से पानी के टैंकरों की सप्लाई कर रहा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर पंपसेट, एचडीपीई पाइप और विद्युत केबल ज़ब्त कर ली है।

### बेकाबू ट्रेलर दुकान में घुसा

राजसमन्द, (निसं)। केलवा पुलिस थाने के पास फोरलेन पर बेकाबू ट्रेलर डिवाइडर से टकरा कर सर्विसलेन किनारे दुकान में जा घुसा। हादसे में दो युवक चोटिल हुए हैं। दुर्घटना के बाद पुलिस पहुंची, मगर राहत की बात यह रही कि चालक के भी कोई बडी चोट नहीं आई। घायल युवक बोला कि पुलिस के सर्वाधिक बेरिकेट की वजह से हादसा हुआ।

# ‘विश्व के टॉप 10 पर्यटन देशों में जल्द शामिल होगा भारत’

- उदयपुर में ‘एक राज्य : एक वैश्विक गंतव्य’ पर दो दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न
- टूरिज्म सर्किट से लेकर ग्लोबल लेवल पर जोड़ेंगे पुष्कर-जैसलमेर को

उदयपुर, (का.स.)। झीलों की नगरी उदयपुर में पर्यटन विकास और ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन पर आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का बुधवार को समापन हो गया। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक राज्य एक वैश्विक गंतव्यष् के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित हुआ है जिसका उद्देश्य प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में कम से कम एक वैश्विक स्तर के पर्यटन स्थल को विकसित करना है।

यह पहल आम बजट 2025.26 की घोषणाओं की रोशनी में है। सम्मेलन में राज्य केंद्र शासित प्रदेश के पर्यटन मंत्रियों ने श50 गंतव्यों के विकासश् और श्प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहन प्रदान करनेश् के लिए मसौदा रूपरेखा पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया . जो भारत के पर्यटन परिवर्तन एजेंडे के दो प्रमुख स्तंभ हैं। इसमें पीएलआई.आधारित गंतव्य परिपक्वता मॉडल के माध्यम से निजी क्षेत्र की अगुवाई वाले पर्यटन केंद्र विकास और गंतव्य प्रबंधन पर जोर दिया गया है। उदयपुर में चल रही दो दिवसीय नेशनल टूरिज्म कॉफ्रेंस के दूसरे दिन बुधवार को भी 50 डेस्टिनेशन के डवलपमेंट पर मंथन हुआ। इसमें पर्यटन विभाग ने उदयपुर,पुष्कर और जैसलमेर को टूरिज्म सर्किट से जोड़कर ग्लोबल लेवल जोड़ने का प्रजेंटेशन दिया। इस मौके पर केंद्रीय पर्यटन विभाग की सचिव ने कहा कि भारत का लक्ष्य आने वाले वर्षों में विश्व के शीर्ष 10 पर्यटन देशों में शामिल होना है।कॉफ्रेंस में दूसरे दिन भी केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत समेत देशभर से आए पर्यटन मंत्री शामिल रहे। हालांकि जैसलमेर हादसे के कारण डिप्टी सीएम दीया कुमारी शामिल नहीं हो पाई। वे बुधवार सुबह उदयपुर से रवाना हो गईं। बड़ी रोड स्थित होटल मेरियट में आयोजित डवलपमेंट ऑफ 50 डेस्टिनेशन एंड प्रोवाइडिंग परफोर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव विषय पर आयोजित कॉफ्रेंस में देश के दो दर्जन से ज्यादा राज्यों के पर्यटन मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। टूरिज्म कॉफ्रेंस को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बुधवार को पहले मीडिया से बात करने वाले थे। परंतु जैसलमेर हादसे के चलते टूरिज्म के जुड़े मुद्दों पर बात नहीं की। शेखावत ने जैसलमेर में हुए बस हादसे पर शोक भी जताया।

मीडिया से एक अनौपचारिक भेट में केंद्रीय पर्यटन विभाग की सचिव वी.विद्ययावथि ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने वन स्टेट.वन ग्लोबल डेस्टिनेशन की संकल्पना इसी उद्देश्य से दी है ताकि हर राज्य कम से कम एक विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल विकसित कर सके। यह योजना न केवल विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगी।साथ ही घरेलू यात्रियों को भी अपने ही देश के नए पॉइंट्स से परिचित कराएगी। हर राज्य में पर्यटन के नए अवसर उभर रहे हैं। यह प्रतिस्पर्धी भारत की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। भारत का लक्ष्य आने वाले वर्षों में विश्व के शीर्ष 10 पर्यटन देशों में शामिल होना है।बैठक की शुरुआत सचिव (पर्यटन)वी. विद्यावती के उद्घाटन भाषण से हुई। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दो दिवसीय चर्चा का एजेंडा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक मानकों के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए केंद्र, राज्य और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग बहुत आवश्यक है। इन दो दिनों में पर्यटन मंत्रियों ने गंतव्य को लेकर अपने विचार साझा किए जो बजट के लक्ष्यों से समर्थित हैं।दूसरे दिन एकीकृत पर्यटन संवर्धन योजना दिशानिर्देशों के मसौदे पर हितधारकों ने चर्चा की। इसका उद्देश्य भारत को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में एक समग्र पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना था। सम्मेलन का समापन अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक (पर्यटन) सुमन बिल्ला के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होंने सम्मेलन में आए बहुमूल्य सुझावों की प्रशंसा की और आश्वस्त किया कि मंत्रालय सभी फीडबैक को प्रस्तावित योजनाओं में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। कॉफ्रेंस में आए प्रतिनिधियो ने बुधवार को शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल सिटी पैलेस,फतहसागर, सज्जनगढ़ और बागोर की हवेली का भ्रमण किया।

## जादूगर एम.लाल मेवाड़ के सितारे अवॉर्ड 2025 से सम्मानित

उदयपुर, (का.स.)। आर.के. मीडिया द्वारा मेवाड़ के सितारे अवॉर्ड शो का आयोजन किया गया। उदयपुर के ख्याति प्राप्त जादूगर एम.लाल लक्षकार ने 50 वर्ष से ज्यादा जादुई दुनिया में अपना योगदान दिया।

एम.लाल लक्षकार ने भारत सरकार के, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के गीत एवं नाटक प्रभाग में कलाकार के रूप में सेवा देकर लगभग 10 हजार जादुई शौ कर के केन्द्र एव राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार -प्रसार उन जगहों पर जाकर किया जहां बिजली एवं यातायात की सुविधा भी नहीं थी। जादुगर एम लाल 67 वर्ष की आयु के होने के बाद भी आज भी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में कलाकार के रूप में अपनी सेवा दे रहे है।एम लाल का जादू के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में भी योगदान काफी सराहनीय रहा। जादुगर एम लाल द्वारा प्रति बर्ष ग्रीष्म अवकाश के दौरान जादुई शिक्षा के इच्छुक स्कूली बच्चो को जादुई कला सिखाने के लिए नि:शुल्क शिविर लगा कर जादुई शिक्षा को बढावा दिया गया। उनके इस उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हे मेवाड़ के सितारे अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

## अवैध शस्त्र निर्माण का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

- तीन टॉपीदार बंदूकें, हथियार निर्माण सामग्री बरामद, मुख्य आरोपी फरार

उदयपुर, (कासं)। जिले में अवैध हथियारों की रोकथाम एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री योगेश गोयल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पानरवा पुलिस को बडी सफलता मिली है। पुलिस ने तीन टॉपीदार बंदूकें सहित हथियार निर्माण में प्रयुक्त विभिन्न उपकरण बरामद किए हैं। कार्रवाई में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जबकि मुख्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक योगेश के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं वृताधिकारी कोटड़ा राजेन्द्र कुमार के निर्देशन में पानरवा थाना प्रभारी भागीरथ कुमार बुंदेला के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। मुखबिर की सूचना पर टीम ने मंगलवार को खाचंण जंगल क्षेत्र में नाकाबंदी की। इस दौरान पुलिस ने खाचंण निवासी होमा पुत्र फौजा डावी को बिना लाइसेंस की टॉपीदार बंदूक के साथ अवैध रूप से परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज अनुसंधान सहायक उपनिरीक्षक निर्मल कुमार को सौंपा।

पूछताछ में आरोपी होमा ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि वह यह बंदूक अपने पिता फौजा डाबी से लेकर आया था, जो घर पर टॉपीदार बंदूकें बनाने का कार्य करता है। पुलिस ने जब फौजा डाबी के घर पर दबिश दी, तो वहां दो और टॉपीदार बंदूकें, एक नाल पाइप, लोहा काटने की आरी, हथौड़ा, पाँच नंग रेती का पता, दो पेचकस, एक छैनी, दो संडासी, दो वीजणी तथा लोहा गर्म करने वाला पंखा बरामद किया। फौजा डाबी फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन कर तलाश जारी है। प्रकरण का खुलासा करने वाली टीम में एसएचओ बुंदेला सहित सहायक उपनिरीक्षक निर्मल कुमार, कांस्टेबल बनवारी लाल, दिलीप कुमार, अजित कुमार, उमेश, प्रेम कुमार एवं महिला कांस्टेबल मीरा शामिल रही। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा कि अवैध हथियार निर्माण और तस्करी में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि ऐसे अभियानों से न केवल अपराध पर रोक लगेगी, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना भी मजबूत होगी।

## डॉ. प्रवीण झंवर को यंग अचीवर्स अवार्ड

- भीलवाड़ा में राजपेडिकोन 2025 में मिला सम्मान

उदयपुर, (का.स.)। राजस्थान के भीलवाड़ा में आयोजित इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) की राजस्थान शाखा के 49वें वार्षिक अधिवेशन ‘राजपेडिकोन 2025’ में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रतिष्ठित पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. प्रवीण झंवर को 'यंग अचीवर्स अवार्ड' से नवाजा गया।

डॉ.झंवर को यह सम्मान बाल सर्जरी (पीडियाट्रिक सर्जरी) के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और नवाचारों के लिए प्रदान किया गया। समारोह में आईएपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.वसंत कालटकर,सुप्रसिद्ध गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट डॉ.नीलम मोहन, और राष्ट्रीय सचिव डॉ.योगेश पारीक उपस्थित थे, जिन्होंने डॉ.प्रवीण को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ.प्रवीण ने कहा कि यह पुरस्कार न केवल मेरे लिए, बल्कि पूरे पीएमसीएच और मेरी टीम के लिए गर्व का विषय है। बच्चों की जटिल शल्य चिकित्सा को सरल और सुलभ बनाना मेरा लक्ष्य रहा है, और यह सम्मान मुझे और अधिक प्रेरित करेगा। राजपेडिकोन 2025 में राजस्थान और देशभर के सैकड़ों बाल रोग विशेषज्ञ और सर्जन शामिल हुए। इस अधिवेशन में बच्चों के स्वास्थ्य, नई चिकित्सकीय तकनीकों और शोध कार्यों पर चर्चा हुई। आयोजन का उद्देश्य बाल स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाना तथा युवा चिकित्सकों को प्रोत्साहित करना रहा।

## सतर्कता समिति की बैठक स्थगित

उदयपुर, (का.स.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 16 अक्टूबर गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है। इसी प्रकार सतर्कता समिति की बैठक को भी स्थगित किया गया है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में ग्रामीण सेवा शिविर एवं शहरी सेवा शिविर का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने एवं समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था की जा रही है। इसी व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

## देबारी से उमरड़ा के बीच बनेगा डबल रेलवे ट्रैक

उदयपुर, (का.स.)। रेलवे बोर्ड द्वारा देबारी और उमरडा स्टेशनों को विशेष रेल परियोजना के रूप में अधिसूचित किया गया है। ट्रेनों के बढते दबाव को देखते हुए यह प्रस्ताव बनाया गया।

उदयपुर में देबारी स्टेशन से उमरडा स्टेशन के बीच 24 किलोमीटर ट्रैक पर दूसरी लाइन बिछाने का काम जल्द शुरू हो सकेगा। रेलवे बोर्ड से इसकी मंजूरी मिल गई है।इस परियोजना में 24.78 किलोमीटर लंबा अलग से रेलवे ट्रैक बिछाया जाएगा। नई लाइन डाली जाने से पर्यटन, शिक्षा और व्यवसायिक लिहाज से भी कई फायदे होंगे।रेलवे बोर्ड की ओर से देबारी और उमरडा स्टेशनों को विशेष रेल परियोजना के रूप में अधिसूचित किया गया है। ट्रेनों के बढते दबाव को देखते हुए यह प्रस्ताव बनाया गया था।इससे पहले उत्तर.पश्चिम रेलवे के कंस्ट्रक्शन विभाग की टीम ने सर्वे किया था। सर्वे के दौरान किस जगह पर लाइन बिछाई जाएगी। किस जगह पुल बनाने की जरूरत पडेगी। कहां जमीन एक्वायर करने की जरूरत होगी। कहां कर्व होंगे। कहां टनल की जरूरत होगी, ये सब चीजें देखी गई थी। सर्वे पूरा होने के बाद डीपीआर बनाकर रेलवे बोर्ड को उसकी रिपोर्ट सौंपी गई थी।वर्तमान में उदयपुर सिटी स्टेशन पर सेकंड एंट्री बिल्डिंग का काम चल रहा है। जगह की कमी के कारण पिटलाइन और यार्ड को उमरडा में शिफ्ट करने का प्रस्ताव है। इस रूट पर डबल लाइन बिछने से उदयपुर से कोटा, जयपुर के अलावा मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों के लिए जाने वाली ट्रेनों को फायदा होगा। दरअसल यात्रियों की बढती संख्या को देखते हुए नई ट्रेनें तो चलाई जा रही हैं। परंतु एक ही रेलवे ट्रैक होने के कारण ट्रेनों को बीच रास्ते रोककर दूसरी ट्रेनों को निकालना पडता है। अहमदाबाद के कालूपुर रेलवे स्टेशन से उदयपुरसिटी के लिए ट्रेनों के संचालन के बाद दक्षिण भारत से ट्रेन का ट्रैफिक बढने की उम्मीद है। ट्रैक के डबल होने से साउथ की ट्रेनों के दबाव को संभालने में मदद मिलेगी। वहीं उदयपुर सिटी स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफार्म और गोदाम स्टैंड का निर्माण भी किया जा रहा है।


कार्यालय नगर परिषद राजसमंद ( राज. )
नोटिस उजरदारी
(रा.म्यु.एक्ट 2009 की धारा 194 के तहत)
सन् 25-26 तामीरात/भू.वि.
मिसल नम्बर 1281/14.10.25वर्ष 25-26
दिनांक 15.10.2025
वाणिज्यिक
बनाम
सर्व साधारण कस्बा धोईन्दा मोहल्ला/गली धोईन्दा रोड़ राजस्थान प्रार्थना पत्र मय नक्शा।
श्री तनसुख लाल पुत्र श्री लक्ष्मीलाल कच्छारा नि.धोईन्दा एवं श्रीमती लक्ष्मीदेवी/अचल कुमार धर्मावत नि.100 फीट रोड राजसमन्द अपने पट्टे शुदा भूखण्ड पर भवन निर्माण तामीर इजाजत।
उक्त स्थल के पडौस निम्न प्रकार है।
पूर्व-100 फीट रास्ता
पश्चिम- आ.सं.238,
उत्तर- आ.सं.236, दक्षिण- आ.सं.239,
अत: सर्वसाधारण को इस उजरदारी नोटिस के जरिए सूचित किया जाता है कि इसकी स्वीकृति देने में अगर किसी किस्म की भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अन्दर अवधि सात दिन में लिखित में कार्यालय में पेश करें। अन्यथा बाद मयाद कोई एतराज फिर मान्य नहीं होगा।
आयुक्त
नगर परिषद, राजसमन्द


## गिट्स में उद्यमिता जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

उदयपुर, (का.स.)। गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज , डबोक, उदयपुर के एंटरप्रेन्यॉरशिप डेवलपमेंट सेल एवं टाई उदयपुर केसंयुक्त तत्वाधान में उद्यमिता पर जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह सत्र गिट्स इ डी सी के प्री लांच इवेंट के रूप में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता एवं नवाचार के प्रति रुचि और जागरूकता बढाना था।

संस्थान के निदेशक डॉ. एस. एम. प्रसन्ना ने बताया कि, गिट्स संस्थान सदैव अपने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता एवं नवाचार के लिए प्रेरित करता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को वास्तविक उद्योग जगत से जोडते हैं और उन्हें सफल उद्यमी बनने की दिशा में अग्रसर करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में(टाई) उदयपुर के कार्यकारी निदेशक राहुल जिंगर, माय ब्रांडिंग डिजिटेक प्रा लिमिटेड के निदेशक यशवर्धन खंडेलवाल, तथा क्लासिक हॉस्पिटलिटी सर्विसेज के निदेशक मानविजय सिंह सोलंकी शामिल रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप संस्कृति, व्यवसाय प्रबंधन, नवाचार और नेटवर्किंग के महत्व के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। संयोजक डॉ. अरविंद सिंह पेमावत ने बताया कि यह सत्र विद्यार्थियों के लिए एक अमूल्य अवसर रहा जिसमें उन्हें अनुभवी उद्यमियों से सीखने और अपने विचारों को दिशा देने का मौका मिला। उद्यमिता को बढावा देने के लिए मेंटोरिंग, नेटवर्किंग, एजुकेशन, फंडिंग और इन्क्यूबेशन वार्तालाप के प्रमुख विन्दु रहे। वित्त नियंत्रक बी. एल. जागीड ने कहा कि, गिट्स में विद्यार्थियों को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवसायिक दृष्टिकोण और उद्यमशीलता की भावना विकसित करने के लिए भी सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

## रोजगार सहायता शिविर आज

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला रोजगार कार्यालय मॉडल कॅरियर सेंटर की ओर से आज गुरूवार प्रात: 10 से दोपहर 3 बजे तक रोजगार सहायता षिविर का आयोजन नूतन स्कुल ग्राउंड में किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने षिविर की तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्मिकों को षिविर के सफल आयोजन के लिए निदेश दिये। शिविर में गुजरात, मध्यप्रदेश एवं क्षेत्रीय 24 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों द्वारा इंटरव्यु के माध्यम से विभिन्न सेक्टर यथा ऑटोमोबाईल,टैक्सटाईल, हेल्थकेयर, फाइनेंस, लॉजिस्टिक, सिक्युरिटी, हॉस्पिटैलिटी, रिटैल एवं सोलर इत्यादि के विभिन्न 3 हजार से अधिक पदों पर भर्ती करेंगे।

## आवासीय कॉलोनी में लेपर्ड के विचरण से भय

उदयपुर, (का.स.)। शहर की एक आवासीय रेजीडेंशियल कॉलोनी में मंगलवार देर रात एक लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया। कॉलोनीवासियों का कहना है कि पहली बार यहां लेपर्ड को देखने के बाद लोग भयभीत हो गए है।जानकारी के अनुसार शहर के पुराने आरटीओ के पास स्थित मीरा नगर.2 में मंगलवार की रात को करीब 11 बजे कॉलोनी में कुत्तों ने बहुत शोर मचा रखा जबकि ऐसा अमूमन होता नहीं है। आगे फिर कुत्तों का शोर बढा तो वहां रहने वाले चंद्रशेखर सुखवाल को कुछ शंका हुई । सुखवाल ने बताया कि उन्होंने बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने शुरू किए तो देखा कि रात 11 बजकर 5 मिनट पर वहां से एक लेपर्ड का मूवमेंट हुआ।उन्होंने बताया कि लेपर्ड ने कुत्ते का पीछा किया और उस पर झपट्टा मारा लेकिन कुत्ता पकड में नहीं आया और भाग गया। इस बीच आगे की तरफ गया लेपर्ड वापस रिटर्न आकर निकल गया। सुखवाल ने बताया कि इस कॉलोनी में करीब 25 से ज्यादा घर है और कई मकान बन रहे है और लेपर्ड के मूवमेंट के बाद लोग सहम गए और सुरक्षा की दृष्टि से ख्याल भी रख रहे है।बताते है कि यहां पर कोई जंगल नहीं है लेकिन थोडा आगे कुछ पहाडयिां है ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि लेपर्ड का मूवमेंट उस तरफ से हुआ होगा।


कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)
क्रमांक: उविप्रा/नियमन रिकॉर्ड/2024/3400 आम सूचना दिनांक:- 10/10/2025
निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | राजस्व ग्राम | आवेदक का नाम / पिता का नाम | मृतक का नाम / दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 03 & 16 (MUT No. 5233) | 15091 वर्गफीट | रुपनगर (भुवाणा) खसरा नं. 3860, 3896 मी., 3898 मी., 3899 मी., 3899 से 3901, 3904, 3909 से 3917 | श्री राजकुमार हिंगड पिता स्व. श्री बुद्धिसागर हिंगड, श्री नीरव हिंगड पिता श्री बुद्धिसागर हिंगड एवं श्री नितिन हिंगड पिता श्री बुद्धिसागर हिंगड | श्री बुद्धिसागर हिंगड पिता श्री रणजीतलाल हिंगड का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 25.11.2017 एवं पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 31.05.2024 |

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें । अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा।
(डॉ. अभिनव शर्मा) तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर (राज.)


## महाविद्यालय के स्थायी भवन के लिए 4.50 करोड़ की स्वीकृति

डूंगरपुर, (निसं)। उच्च शिक्षा के प्रसार की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, राजकीय महाविद्यालय साबला के स्थायी भवन निर्माण के लिए 4 करोड 50 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। यह स्वीकृति उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा के आवास पर हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान प्रदान की गई।

इस निर्णय से अब महाविद्यालय को एक आधुनिक, सुसज्जित और स्थायी परिसर मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है, जिससे क्षेत्र के शैक्षणिक वातावरण को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। इस उपलब्धि के पीछे विधायक उमेश डामोर की निरंतर कोशिशें और सक्रिय पहल प्रमुख रही हैं। उन्होंने बताया कि यह विषय उनकी व्यक्तिगत प्राथमिकता में था और वे पिछले कई वर्षों से इसके लिए लगातार प्रयासरत थे। उनके अथक प्रयासों और विद्यार्थियों की मांग के परिणामस्वरूप आखिरकार यह स्वीकृति संभव हो सकी है।

दोवडा और आसपुर में भी नए महाविद्यालय खोलने पर सकारात्मक रुख भेंट के दौरान, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा से दोवडा एवं आसपुर ब्लॉक में भी नए राजकीय महाविद्यालय खोलने के विषय पर सकारात्मक चर्चा हुई।

## डॉ. छायांक उत्तर भारत के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित

उदयपुर, (कासं)। चंडीगढ में आयोजित भारतीय मनोचिकित्सा सोसायटी नार्थ जोन के 5०वें वार्षिक सम्मेलन में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर के मनोचिकित्सा विभाग के डॉ छायांक आचार्य को उत्तर भारत के सर्वोच्च सम्मान आर.के. सोलंकी अवॉर्ड व बॉम्बे साइकिएट्रिक सोसायटी सिल्वर जुबली अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

यह अवार्ड उनके और डॉ. जितेन्द्र जीनगर, डॉ. अंजली शर्मा और डॉ. तनमय पटेल द्वारा किये गए शोध अनाथ और गैर-अनाथ किशोरों में भावनात्मक एवं व्यवहारिक समस्याओं, दुर्व्यवहार, अनुभूत तनाव एवं आत्म-सम्मान की व्यापकता एक तुलनात्मक अध्ययन पर मिला। शोध में सामने आया कि अनाथ किशोरों में भावनात्मक और व्यवहारिक समस्याएं गैर-अनाथ किशोरों की तुलना में कहीं अधिक थीं। लगभग 47.8 प्रतिशत अनाथ किशोरों में इन समस्याओं की उपस्थिति दर्ज की गई, जबकि गैर-अनाथ समूह में यह केवल 6.1प्रतिशत थी। इसी प्रकार, अनाथ किशोरों में भावनात्मक कठिनाइयाँ (45.3 प्रतिशत) और सहकर्मी संबंधी कठिनाइयाँ (55.3प्रतिशत) भी उल्लेखनीय रूप से अधिक रहीं। लगभग 11प्रतिशत अनाथ किशोरों में तनाव का स्तर अत्यधिक पाया गया, जबकि गैर-अनाथ समूह में यह केवल 0.6प्रतिशत था। आत्म-सम्मान के स्तर में भी बडा अंतर देखा गया 60.2प्रतिशत अनाथ किशोरों में आत्म-सम्मान की कमी पाई गई एल, जबकि गैर-अनाथों में यह 28प्रतिशत था। अध्ययन में यह भी स्पष्ट हुआ कि बाल्यकालीन दुर्व्यवहार का संबंध भावनात्मक कठिनाइयों और तनाव में वृद्धि से तथा सकारात्मक सामाजिक व्यवहार एवं आत्मसम्मान में कमी से है।


कार्यालय नगर पालिका आमेट जिला राजसमंद (राज0)
क्रमांक:-नपाआ/जनगणना/कच्ची बस्ती 2025-26/1400 दिनांक:- 15.10.2025
आपत्ति आमंत्रण-सूचना
नगर पालिका आमेट के सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि सेन्सेस 2011 के अनुसार नगर पालिका आमेट क्षेत्र में निम्नांकित अधिसूचित (Notify) कच्ची बस्तीया थी:-
1. गांधीनगर हरिजन बस्ती, आमेट
2. शिवनाथपुरा कच्ची बस्ती, आमेट
3. काला पायरा कच्ची बस्ती, आमेट
4. भील कच्ची बस्ती, आमेट
भील बस्ती में वर्तमान में 12-15 घर बने हुऐ तथा अनुमानित जनसंख्या 40 हैं। भील बस्ती के अतिरिक्त अन्य सभी बस्तीयों में सड़क, विद्युत, जलप्रदान इत्यादि सभी आधारभूत सुविधायें उपलब्ध हैं। तथा स्वयं की भुमि पर बने हुये हैं। अतः निम्नांकित कच्ची बस्तीयों को अनाधिसूचित (Denotify) किया जाना हैं :-
1. गांधीनगर हरिजन बस्ती आमेट
2. शिवनाथपुरा कच्ची बस्ती आमेट
3. काला पायरा कच्ची बस्ती आमेट
तथा भील बस्ती वार्ड न0 01 में सेन्सेस 2011 के अनुसार यथावत् अधिसूचित (Notify) कच्ची बस्ती रखी जाने हेतु दिनांक 24/10/2025 तक आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती हैं।इस पर किसी भी नागरिक को कोई आपत्ति हो तो लिखित में स्पश्टीकरण दस्तावेजो सहित प्रस्तुत करावे। तत्पश्चात उपरोक्तानुसार कच्ची बस्तीयां अनाधिसूचित (Denotify) -अधिसूचित (Notify) घोशित करने हेतु उपरोक्तानुसार निर्णय पारित कर दिया जावेगा।
राज.संवाद/सी/25/12161 अधिशाषी अधिकारी


## हादसे में पति की मौत, पत्नी-बेटा घायल

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा थाना क्षेत्र में ओगणा रोड पर राणा गांव के पास बुधवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दंपती सहित नाबालिग बच्चा चपेट में आ गए। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई,वहीं उसकी पत्नी और 12 वर्षीय बच्चा गंभीर घायल हो गए। थानाधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला कि टक्कर आमने.सामने से हुई। मृतक की पहचान बिलडयिा निवासी मोतीलाल मेघवाल (38) के रूप में हुई है। उसकी पत्नी लीला बाई (34) और बेटा पंकज (12) घायल हैं। घायलों को गोगुंदा से उदयपुर एमबी हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

# फिल्म ‘सागवान’ का पोस्टर विमोचन

- केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और डिप्टी सीएम दीया कुमारी तथा देश भर से आए 22 राज्यों के पर्यटन मंत्रियों ने किया अनावरण

उदयपुर, (का.स.)। सांवलिया एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म सागवान का पोस्टर विमोचन किया । यह फिल्म न केवल दक्षिणी राजस्थान के सागवान के जंगलों की कहानी कहती है, बल्कि एक सत्य घटना से प्रेरित भी है ,जिसने समाज में व्याप्त अंधविश्वास और कुरीतियों की पोल खोलने की कोशिश की ।

पोस्टर विमोचन समारोह को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के साथ साथ देश के 22 राज्यों के पर्यटन मंत्रियों की उपस्थिति से विशेष बनाया । इस दौरान नागालैंड के पर्यटन एवं उच्च शिक्षा मंत्री तेमजेन इम्ना अलॉन्ग की सराहना ने भी क्षेत्रीय सिनेमा के लिए राष्ट्रीय समर्थन को दर्शाया। फिल्म की खास बात यह है कि इसके मुख्य किरदार में पुलिस ऑफिसर हिमांशु सिंह राजावत हैं, जिन्होंने न केवल अभिनय किया है, बल्कि इसकी कहानी, संवाद और निर्देशन भी संभाला है। सबसे बडी बात यह कि वास्तविक जीवन में भी उन्होंने ही इसी तरह के जटिल केस की गुत्थि को सुलझाया था, जिस पर यह फिल्म आधारित है। यह अनूठा संगम फिल्म को असाधारण प्रामाणिकता और गहनता प्रदान करता है।

सागवान का कथानक दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी क्षेत्रों में जड जमा चुके अंधविश्वास और तंत्र-मंत्र के भयावह परिणामों पर केंद्रित है। कहानी दिखाती है कि कैसे एक तांत्रिक के प्रभाव में आकर एक युवा सिद्धि प्राप्त करने के लिए नाबालिग बच्चियों की हत्याएँ करता है।

फिल्म इस सामाजिक बुराई पर प्रकाश डालते हुए, पुलिस द्वारा मामले को सुलझाने और न्याय स्थापित करने के संघर्ष को दर्शाती है। फिल्म में मुख्य कलाकारों में हिमांशु सिंह राजावत के साथ बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सयाजी शिंदे, एहसान खान, मिलिंद गुणाजी और रश्मि मिश्रा शामिल हैं। निर्माता प्रकाश मेनारिया अर्जुन पालीवाल और नितीन श्रीमाली ने बताया कि यह फिल्म राजस्थान राज्य के स्तर पर पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जो संपूर्ण राजस्थान में फिल्माया गया है।

फिल्म का निर्माण सांवलिया एंटरटेनमेंट उदयपुर ने किया है। यह फिल्म स्थानीय आदिवासी संस्कृति, उनके रहन-सहन और अंधविश्वास को भी दर्शाती है, इस फिल्म में धरियावद के सागवान के जंगल तथा उनसे जुडे हुए लोगों ने भाग लिया, जिसे राजस्थान पुलिस, वन विभाग और स्थानीय प्रशासन का विशेष सहयोग मिला। इस अवसर पर फिल्म से जुडे अन्य महत्वपूर्ण सदस्य भूपेंद्र सिंह दलावत और जगन्नाथ सिंह राव (दिनेश सिंह मेडता), किशन सिंह निकोर भी उपस्थित रहे।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा कार्यालय: हिरण मगरी, सेक्टर-4, 803, कनिष्का जैन मंदिर के पास, सेक्टर-4, उदयपुर, राजस्थान-313001
फोन नं.: 8875006673, ई-मेल: hiranm@bankofbaroda.com
प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [ नियम 8( 1 ) देखें]
कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )
जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 का अधिनियम संख्यांक 54 ) के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **मैसर्स केसरिया लघु उद्योग** प्रोपराईटर **श्रीमती मंजू जैन पत्नी श्री लक्ष्मी लाल जैन** पर **मांग सूचना दिनांक 02.08.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 02.08.2025 को बकाया राशि रू. 19,74,210.06 ( रूपये उन्नीस लाख चौहत्तर हजार दो सौ दस एवं पैसे छह मात्र ) ( दिनांक 02.08.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक **10, माह अक्टूबर, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 02.08.2025 को बकाया राशि रू. 19,74,210.06 ( रूपये उन्नीस लाख चौहत्तर हजार दो सौ दस एवं पैसे छह मात्र ) ( दिनांक 02.08.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा कार्यालय हिरण मगरी, सेक्टर-4, 803, कनिष्का, जैन मंदिर के पास, सेक्टर-4, उदयपुर, राजस्थान-313001** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
अचल सम्पत्ति का वर्णन
सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती मंजू जैन पत्नी श्री लक्ष्मी लाल जैन के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो खसरा नं. 1586, गाँव कानपुर, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 3000 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: रोड़, दक्षिण: श्री ऊंकार डांगी का मकान, पूर्व: श्री धनराज जैन का मकान, पश्चिम: श्री बगदी लाल का बाड़ा
स्थान : उदयपुर हस्ता.
दिनांक: 10.10.2025 प्राधिकृत अधिकारी